




# कछुआ गति से मल्टीलेवल पार्किंग कार्य

## नवभारत की खबर का हुआ असर : निर्माणाधीन कार्य का महापौर परिषद ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 11 अक्टूबर. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर स्मार्ट सिटी में लंबे समय से चली आ रही शहर की यातायात व्यवस्था के स्थायी निदान करने हेतु पं.मोतीलाल स्कूल कटरा बाजार में 39 करोड़ रूपये की लागत से मल्टीलेबिल पार्किंग के निर्माण कार्य में विलंब को लेकर महापौर परिषद ने संबंधित ठेकेदार को फटकार लगाई.**



बे-पटरी शहर की यातायात व्यवस्था

तमाम प्रयासों के बावजूद भी नहीं सुधर पा रही व्यवस्था, पार्किंग स्थल में लगी दुकानें

नवभारत न्यूज

सागर 9 अक्टूबर. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर स्मार्ट सिटी में यातायात व्यवस्था को सुधारने के नाम पर तमाम प्रयास किए जा चुके हैं मगर व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है. यहां तक की दो पहिया-चार पहिया वाहनों के लिए डाली गई लाल-पीली, सफेद लाइनें भी अब फीकी पड़ गई हैं और पार्किंग के लिए आरक्षित स्थानों पर दुकानें लगी रहती हैं.

मालूम हो कि शहर के हृदय स्थल जामा मस्जिद के चारों ओर के मार्गों पर हाथ ठेला और फुटपाथ पर दुकानें लगाने वालों की संख्या सर्वाधिक हैं. जिनका कोई हल नहीं निकल पा रहा हैं. गौर मूर्ति से यातायात थाना के सामने तक सड़क के दोनों ओर फुटपाथ दुकानों से भरे हैं तो वहीं फुटकर फल विक्रेता पुरानी सब्जी मंडी नया बाजार जाने को तैयार नहीं है. यहीं हाल साबूलाल मार्केट का है. यहां पर पहले तो फुटकर सब्जी दुकानें कुछ अंदर भी लग जाती थी मगर जब से साबूलाल मार्केट में नवीन निर्माण कार्य शुरु कराए गए हैं. तब से सड़क के किनारे हाथ ठेले पर सब्जी दुकानें लगी देखी जा सकती हैं. तो वहीं गुजराती बाजार में नगर निगम के टपरा मार्केट, बख्शीखाना और निगम मार्केट के सामने तो हाथ ठेले पर ही कपड़े और मनहारी की दुकानें संचालित होने से दिनभर उपरोक्त मार्ग पर वाहनों की कतारें लगी देखी जा सकती हैं.

स्थाई रूप से खड़े वाहनों पर लगाया जायेगा पार्किंग शुल्क

नगर निगम के साधारण सम्मेलन में यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु नागरिकों द्वारा नियम विरूध्द वाहनों की पार्किंग करने पर दो पहिया वाहनों से 10 रुपए एवं चार पहिया वाहनों से 20 रुपए तथा मुख्य बाजार में स्थायी रूप से खड़े रहने वाले वाहनों से अधिक राशि लिये जाने हेतु कार्ययोजना तैयार करने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई.मालूम हो कि शहर में पार्किंग स्थलों पर दुकानें संचालित होने से वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया जाता है.

मालूम हो कि दो दिन पूर्व ही नवभारत समाचार द्वारा शहर के यातायात व्यवस्था बे पटरी हो गई को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था. जिसके बाद ही महापौर श्रीमति संगीता सुशील तिवारी ने एमआईसी सदस्यों एवं वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ.सुशील तिवारी के साथ निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान महापौर ने मल्टीलेबित पार्किंग के निर्माण की गति धीमी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित इंजीनियर एवं ठेकेदार को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए. मल्टीलेबिल पार्किंग का निर्माण होने से शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा साथ ही कटरा बाजार में खड़ी चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों को व्यवस्थित रखने के लिये स्थान सुरक्षित रहेगा. मल्टीलेबिल पार्किंग में ग्राउण्ड फ्लोर पर 300 दो पहिया वाहनों को रखने, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल पर 100-100 चार पहिया वाहनों को रखने की व्यवस्था की गई है तथा इसकी छत पर मल्टी प्लेक्स और फूड कोर्ट बनाया जायेगा.

> महापौर श्रीमती संगीता तिवारी ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे है, मल्टीलेबिल पार्किंग के निर्माण से कटरा बाजार सहित अन्य क्षेत्रों की यातायात व्यवस्था सुधार होगा साथ ही मल्टीलेबिल पार्किंग के साथ ही यातायात पुलिस चौकी एवं फायर स्टेशन का निर्माण भी किया जायेगा जिससे फायर गाड़ी वहॉ पर उपलब्ध रहेगी. उन्होंने कि एक वर्ष के भीतर मल्टीलेबिल पार्किंग बनकर तैयार हो जायेगी जो इस शहर के लिये एक नई उपलब्धि प्राप्त होगी. मल्टीलेबिल पार्किंग के साथ ही 26 करोड़ की राशि से व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया जायेगा. इस व्यवसायिक परिसर में 150 दुकानों का निर्माण किया जायेगा जो एक वर्ष के भीतर पूर्ण हो जायेगा.

## सागर में हवाई अड्डा निर्माण की उम्मीद

**सागर.** ढाना हवाई पट्टी, जो कि राज्य सरकार के अधीन है, क्षेत्रीय संपर्क योजना के दस्तावेज में असेवित हवाई अड्डों की सूची में पहले से शामिल है. हालांकि अब तक आयोजित उड़ान योजना की पांचों बोलियों में किसी भी एयरलाइन कंपनी ने यहां से उड़ान संचालन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है. केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने जानकारी सांसद डॉ. लता वानखेड़े के उस पत्र के जवाब में दी है. श्री नायडू ने पत्र में कहा कि इच्छुक एयरलाइंस किसी विशेष मार्ग पर मांग के आकलन के आधार पर बोली लगाती हैं. यदि भविष्य की किसी बोली प्रक्रिया में कोई एयरलाइन ढाना हवाई पट्टी से उड़ान संचालन हेतु वैध प्रस्ताव प्रस्तुत करती है, तो उस पर योजना के प्रावधानों के अनुसार विचार किया जाएगा, ऐसे हवाई अड्डे जो उड़ान योजना के तहत चयनित मार्गों में शामिल हैं.

# दो सड़क दुर्घटनाओं में चार की मौत

## सुरखी थाना क्षेत्र में कंटेनर की टक्कर से दंपत्ति और बीना के दो डाक कर्मी की मौत

नवभारत न्यूज

**सागर 11 अक्टूबर. सुरखी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-44 झांसी लखनादौन के बीच सागर नरसिंहपुर मार्ग पर तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार पति पत्नी की मौत हो गई है.**

सुरखी थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार आज शनिवार की सुबह 9.30 बजे नाहरमऊ गौरझामर निवासी अशोक दुबे पत्नी राधा दुबे के साथ मोटर साइकिल एमपी 15 एमएन 2290 से सागर की ओर आ रहे थे कि बरकोटी वेयरहाउस के समीप तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी, जिससे दोनो की मौके पर ही मौत हो गई है. पुलिस के अनुसार पंचनामा कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम के लिए सागर जिला चिकित्सालय भेजा गया है. जानकारी के अनुसार मृतक श्री दुबे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सागर विभाग के विभाग कार्यवाह थे और मिडिल स्कूल में शिक्षक के पद पर पदस्थ थे. पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच में ले लिया है.

### दो मोटर साइकिलों की भिड़ंत के बाद कंटेनर ने रोंदा

बीना थाना अंतर्गत खुरई ओवरब्रिज के समीप बीती रात दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत के बाद दो युवक तेज रफ्तार कंटेनर की चपेट में आ गए . जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई . वहीं एक अन्य युवक घायल बताया गया है . सभी अन्य राज्यों के थे . बीना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कल शुक्रवार की रात्रि में मोटर साइकिल में सवार दीपक पिता मुकेश निवासी पलवल भिबानी हरियाणा और सूर्यकांत साहू निवासी छत्तीसगढ़ की रामपुर निवासी पुष्पेंद्र बुंदेला की मोटर साइकिल से भिड़ंत हो गई . भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि मोटर साइकिल सवार दीपक और सूर्यकांत सड़क पर जा गिरे जो कि सड़क से निकल रहे तेज रफ्तार कंटेनर की चपेट में आ गए जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई . वहीं एक अन्य युवक रौनक पिता जितेंद्र जाट निवासी हरियाणा घायल हो गया . तो वहीं पुष्पेंद्र बुंदेला भी दुर्घटना का शिकार हुआ . बताया जाता है कि मृतक बीना के आसपास डाक घर में पदस्थ थे .

### एक नजर में



#### चांद के दीदार के बाद व्रत खोला

**राहतगढ़.** करवाचौथ पर्व पर सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु के लिए निराहार व्रत रखा. सोलह श्रृंगार से सजी महिलाओं ने चांद के दीदार के बाद पति के हाथों एक गिलास पानी पिया एवं विधि विधान से पूजन किया. मेहंदी लगाने से लेकर पूरी तरह दुल्हन के लिवास में सजी सुहागन महिलाओं ने करवा चौथ की पूजा कर छलनी से पति का चेहरा देखकर व्रत तोड़ा.



#### छिंदवाड़ा घटना की निंदा, निकाला कैंडिल मार्च

**रहली.** कांग्रेस जनों ने केंडल मार्च निकाला और छिंदवाड़ा में कफ सिरप से हुई 20 बच्चों की मौत पर श्रद्धांजलि दी गई. श्रद्धांजलि अर्पित करने बालों में दीपक जैन, रत्नेश पटेल, सौरभ हजारी, अनूप ददरया, संजय पटेरिया, प्रमोद नायक, ज्योति पटेल, बी डी पटेल, महेश साहू, शैलेन्द्र सोनी, परसोत्तम पटेल, केशव पटेल, प्रकाश गुप्ता, महेन्द्र ढाकुर, बिहारी पटेल, अमृतलाल नायक, रोहित कुर्मी, विक्रम यादव, भोले अहिरवार, साकेत सोनी मौजूद थे.




#### सहोदया कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन

**सागर.** सहोदया कबड्डी टूर्नामेंट सेंट मैरी स्कूल गौरनगर मकरोनिया में संपन्न हुआ. जिसमें 11 स्कूलों की टीमों ने भाग लिया. मुख्य अतिथि शारीरिक शिक्षा विभाग की एचओडी मोनिका हर्डिकर, शैलेष मेमोरियाल स्कूल प्राचार्य डॉ एस.बी.सिंह, फादर थॉमस फिलिप का स्वागत किया गया. फादर थॉमस ने कबड्डी टूर्नामेंट के प्रारंभ की घोषणा की. कबड्डी फाइनल में बालिका वर्ग में सेंट मैरी स्कूल गौरनगर, मकरोनिया ने 54/16 के स्कोर से गोमती नंदन पब्लिक स्कूल बीना को हराया. बालक वर्ग में गोमती नंदन पब्लिक स्कूल बीना ने 36/14 के स्कोर को हासिल कर शैलेष मेमोरियल स्कूल को हराया. इस दौरान मैनेजर फादर साबू, सहोदया कोषाध्यक्ष डॉ मंजु कोहली, प्राचार्या सजु जोबी के द्वारा पुरूस्कार वितरित किए गए.



#### तीर्थ दर्शन तीर्थ यात्रा में दो यात्री गौरझामर से

**गौरझामर.** भारत तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत द्वारकाधीश तीर्थ यात्रा का आयोजन किया गया. जिसमें जिले से 300 यात्रियों का लॉटरी के द्वारा चयन किया गया इसमें गौरझामर के दो यात्री जिसमें कुंदन लाल चौरसिया और उनकी धर्मपत्नी सुधा रानी चौरसिया का चयन हुआ. चयनित अन्य यात्रियो में सेमरा नंदराम यादव, कर्रापुर कल्यान सिह ठाकुर, मालथौन मोतीलाल रैकवार, मुडिया देहरा रामसीग कुशवाहा, सहावन महेश प्रसाद तिवारी, गगंऊ गयाप्रसाद तिवारी, बहेरिया कलां महेंद्र ठाकुर सभी यात्रियो को द्वारकाधीश व्दारकापुरी के लिए रवाना किया गया.

#### दुकानों के सामने न लगें हाथ ठेले, ज्ञापन सौंपा

**राहतगढ़.** प्रजापति समाज के लोग हर वर्ष दीवाली के समय बस स्टैंड पुलिस चौकी के सामने एवं आसपास मिट्टी के दिए व अन्य सामग्री की दुकान फुटपाथ पर लगाते है. इस त्यौहार का इंतजार कुम्हार समाज सालभर करती है तीन-चार दिन की दुकानदारी में कुम्हारों की दीपावली भी अच्छे से मनाई जा सके इसके लिए प्रशासन से सहयोग चाहते हैं कि कुम्हारों की दुकान के सामने फल फ्रूट के ठेले ना लगे.

# प्लेसमेंट शिक्षक के भरोसे स्कूल

नवभारत न्यूज

**सागर 11 अक्टूबर. छावनी परिषद द्वारा संचालित डीएनसीबी हायर सेकेंडरी स्कूल सदर कैंट की पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने हकीकत जानी. मोके पर प्राचार्य नदारत मिलें. साथ ही कुछ कक्षाओं में मात्र छात्र ही बैठे हुए थे, शिक्षक नहीं थे.**

श्री चौधरी ने छावनी परिषद के अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर स्कूल सहित सभी पांच स्कूलों में व्याप्त अनियमित्ताओं से अवगत कराया तथा उक्त स्कूलों के संबंध में प्रधान निदेशक रक्षा संपदा भारत सरकार को पत्र भी लिखा हैं.

> श्री चौधरी ने पत्र में कहा है कि छावनी परिषद की प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी तक की सभी पांच स्कूलों में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से शासन के नियम व निर्देशों और योग्यता को दरकिनार कर शिक्षकों की भर्ती कर उनसे अध्यापन कार्य कराया जा रहा है. साथ ही शिक्षकीय कार्य मे लगा उक्त अमला कई वर्षों से स्कूलों में पदस्थ हैं. शिक्षकों की भर्ती करने से योग्यताधारी और अनुभवी शिक्षक वंचित हो रहें हैं और उक्त स्कूलों का अध्यापन कार्य प्रभावित होने के साथ ही यहां पढ़ने वालें हजारों छात्रों का भविष्य भी अंधकार में होने से इनकार नहीं किया जा सकता.

# नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया

नवभारत न्यूज

**सागर 11 अक्टूबर. सामाजिक न्याय विभाग द्वारा नशा मुक्ति परामर्श एवं उपचार उपचार केंद्र संस्था एवं इमानुएल हाई सेकेंडरी स्कूल के सहयोग से स्कूल में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरूकता का कार्यक्रम किया गया.**




कार्यक्रम मे सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त संचालक डॉ.डीएस यादव उपस्थित रहे. स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा नशा न करने पर भाषण प्रस्तुत किए. संयुक्त संचालक डी.एस यादव ने नशे से होने वाले दुष्ट प्रभाव से अवगत कराया. प्राचार्य आनंद गुप्ता ने भी नशे से होने वाली हानियों से अवगत कराया एवं सभी छात्र-छात्राओं को नशा न करने की शपथ दिलाई. भाषण प्रतियोगीता में प्रथम, द्वितीय, तृतीयस्थान पाने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया. संचालन असगर कुरैशी ने किया. कार्यक्रम में वंदना जूदहा, सलमान खान, अंजली दुबे, आशिया, अमित नेमा, रामगोपाल सोनी सहित सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे.

## संभागीय कार्यशाला

**सागर.** सागर संभाग के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों, विषय विशेषज्ञों और फैकल्टी के लिए एक महत्वपूर्ण संभागीय कार्यशाला का आयोजन 13 अक्टूबर को किया जा रहा है. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस कार्यशाला के आयोजन की जिम्मेदारी सागर संभाग के क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक के निर्देशन में शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय को सौंपी गई है.संभाग स्तर पर आयोजित की जा रही इस कार्यशाला की तैयारियों को लेकर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने विभिन्न स्तरों पर समितियां का गठन कर उन्हें संबंधित जिम्मेदारी सौंप दी है.

# मेहर स्कूल में स्कूटी व साइकिल वितरित

नवभारत न्यूज

**सागर 11 अक्टूबर. शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल मेहर में निशुल्क साईकिल एवं स्कूटी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया.**



कार्यक्रम में विधायक प्रदीप लारिया ने 32 विद्यार्थियों को निःशुल्क साईकिल वितरित की एवं विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य एवं शिक्षा का महत्व बताया. उन्होंने शासकीय सांदीपनि विद्यालय एवं पीएमश्री विद्यालय एवं प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाविद्यालय की नवीन स्थापना के संबंध में जानकारी दी. श्री लारिया ने बताया कि स्कूल प्रांगण में 47.89 लाख राशि से 3 अतिरिक्त कक्ष प्रयोगशाला फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं बायोलॉजी लैब का निर्माण कार्य की स्वीकृति प्राप्त हुई, स्कूल में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई.

> विधायक श्री लारिया ने ग्राम पंचायत मेहर में किये गये विकास कार्यों से भी अवगत कराया. श्री लारिया ने कहा कि ग्राम में 38 लाख रूपये की लागत से मंगल भवन का निर्माण किया जा रहा है. ग्राम मेहर में मांगलिक कार्य संपन्न होंगे.

## संरक्षक मंडल घोषित

**सागर.** जिला क्षत्रिय समाज का हाल ही में निर्वाचन संपन्न हुआ. जिसमें नीरज सिंह नयाखेड़ा को सर्वसम्मति से क्षत्रिय समाज का जिला अध्यक्ष निर्वाचित किया गया. अध्यक्ष श्री सिंह द्वारा जिला क्षत्रिय समाज के संयोजक कृष्णा सिंह एवं वरिष्ठजनों से सलाह एवं चर्चा कर जिला क्षत्रिय समाज के संरक्षक मंडल की प्रथम सूची जारी की है. जिसमें हरिराम सिंह, फूल सिंह पंडा, एड.चतुर्भुज सिंह, सौदान सिंह, नत्थू सिंह, साहब सिंह, नर्मदा सिंह, अवध किशोर सिंह, राजा जितेंद्र सिंह, सरमन सिंह उमरारी, अनिल सिंह, डॉ. अजब सिंह, मंगल सिंह, राजेंद्र सिंह, शिवराज सिंह, भूपत सिंह आदि शामिल हैं.

# पीटीएम में अभिभावक सम्मानित



नवभारत न्यूज

**रहली 11 अक्टूबर. सांदीपनि विद्यालय की प्राथ.विंग में अनुकरणीय पीटीएम का आयोजन किया गया.**

प्रभारी शिक्षक नीरज नेमा के एजेंडा विद्यार्थियों व शिक्षकों के प्रयास व अभिभावको का विद्यालय की गतिविधियों में अभिभावकों ने उपस्थित होकर बच्चों की प्रगति सहित अन्य बिंदुओं पर कक्षा शिक्षक से चर्चा की. बैठक में सर्वाधिक उपस्थिति वाले छात्र के अभिभावको को सम्मानित किया गया. इस दौरान प्राचार्य दिलीप चौबे, संजय खरे ने कहा कि विद्यालय व क्षेत्र का नाम राज्य स्तर पर आना गौरव की बात है. इस उपलब्धि पर संकुल प्राचार्य विजय पचौरी, प्राचार्य दिलीप चौबे, मा. शा. प्रभारी संजय खरे सहित समस्त शिक्षकों ने बधाई दी.

# कबाड़े में बिकने वाली स्कूल बस का फिटनेस लेने पहुंचे

नवभारत न्यूज

**सागर 11 अक्टूबर. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा कार्यालय में प्राप्त व्यवसायिक वाहनों के फिटनेस प्रमाण जारी किये जाने संबंधी आवेदनों एवं उपस्थित हुए व्यवसायिक वाहनों का भौतिक परीक्षण किया गया. परीक्षण उपरांत जो वाहन फिट पाये गये, उन वाहनों के नियमानुसार फिटनेस प्रमाण पत्र जारी किये गये.**

जानकारी के अनुसार 01 स्कूल बस क्रमांक एमपी 18 एच 4697 की फिटनेस जारी किये जाने का आवेदन का परीक्षण उपरांत वाहन का भौतिक निरीक्षण करने पर पाया गया किवाहन संचालन योग्य नहीं है, वाहन जर्जर स्थिति में था, वाहन की हैड लाईटें, इंडीकेटर, फर्श एवं इंजन में खराबी पाई गई.

> उक्तानुसार कमियां पाये जाने पर वाहन का फिटनेस प्रमाण पत्र जारी किये जाने के आवेदन को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है, तथा वाहन संचालन योग्य न होने से उसका पंजीयन निरस्त तथा स्क्रेप संबंधी कार्यवाही के लिए आदेशित किया गया है. साथ ही यह कार्यवाही मुख्यत: यात्री बसों में यात्रियों की सुरक्षा एवं स्कूल बसों में स्कूली बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से की जा रही है, ताकि रोड पर फिट वाहन ही संचालित हो सकें. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने समस्त व्यवसायिक वाहनस्वामियों को हिदायत दी है कि वे अपने वाहनों के संचालन नियमानुसार करें.

## समीर संयोजक बने

**सागर.** तीर्थंकर ऋषभदेव जैन



विद्वत महासंघ के अध्यक्ष प्रो. अनुपम जैन एवं महामंत्री विजय जैन ने मंत्री डॉ संजीव सराफ की अनुशंसा पर नगर के रक्तवीर समीर जैन को जिनवाणी संरक्षण एवं प्रबंधन समिति का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया जाता है. इस समिति का मुख्य उद्देश्य जैन शास्त्रों और ग्रंथों का अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर संरक्षण एवं डिजिटलीकरण, समाज के बच्चों के लिए करियर काउंसलिंग और जैन धर्म पर शोध करने वाले छात्रों की सहायता और लाइब्रेरियंस, रिसर्च स्कॉलर, बी लिब और एम लिब के जैन छात्रों को संगोष्ठी सह कार्यशाला के द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी. कई वर्षों से जैन शास्त्रों के संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए गए है.

# बैंक से ऋण लेकर दिया जायेगा वेतन

## ननि कर्मचारी संघ की बैठक में महापौर, निगमायुक्त ने दिया आश्वासन

नवभारत न्यूज

**सागर 11 अक्टूबर. नगर निगम महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, एमआईसी सदस्यों एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री की उपस्थिति में बैठक कर सभी कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों के साथ चर्चा में 5 करोड़ रुपए का ऋण लेकर दीपावली के पूर्व वेतन देने की घोषणा की.**



एमआईसी सदस्य शैलेंद्र ठाकुर ने कहा कि कर्मचारी संघों द्वारा महापौर को विभिन्न मांगों के संबंध में जो ज्ञापन दिया गया है उन मांगों को पूर्ण करने हेतु महापौर एवं आयुक्त द्वारा सहानुभूति पूर्वक विचार किया जा रहा है. कर्मचारी भी अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाएं, बकाया वसूली के लिए अधिक परिश्रम करें. बैठक में पार्षद प्रतिनिधि नरेश यादव ने कहा कि सभी को मालूम है कि नगर निगम आर्थिक स्थिति से गुजर रहा है इस कारण आपको वेतन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है.

> निगमायुक्त श्री खत्री ने कहा कि निगम पर बिजली, स्थापना, डीजल सबसे बड़े खर्च हैं, स्मार्ट सिटी,सीवर एवं टाटा प्रोजेक्ट आने के बाद बिजली का बिल बढ़ने लगा है. निगमायुक्त ने कहा कि हम बकाया वसूली करने का प्रयास कर रहे हैं, रेलवे, नगरपालिका मकरोनिया सहित सभी बकायादारों से राशि लेने की कार्रवाई की जा रही है, कर्मचारियों से क्या काम लेना है यह सुनिश्चित करना होगा. वसूली कर लेंगे तो ऋण नहीं लेना पड़ेगा. निगमायुक्त ने कर्मचारी संघों से कहा कि जो कर्मचारी काम नहीं कर रहे हैं उनकी सूची दे दें जिससे उन्हें वसूली के कार्य में लगाया जा सके. महापौर श्रीमती तिवारी ने कहा कि सभी कर्मचारी दीपावली का त्यौहार अच्छे से मना सके, कर्मचारियों को वेतन देने के लिए 5 करोड़ रुपए का ऋण लेने की स्वीकृति प्रदान करती हूं.

**सुविधा** | **अस्थि विसर्जन मोक्ष वाहिनी सेवा के 17 साल, पूर्व मंत्री भार्गव ने 2008 में शुरुआत की थी, 8 हजार के अस्थि विसर्जन बरमान में कराए**

# धार्मिक मान्यताओं को पूरा करने एक मजबूत व्यवस्था बनाई गई

नवभारत न्यूज

**सागर 11 अक्टूबर. सेवा और जनसेवा के कई प्रतिमान स्थापित है. जिनकी प्रेरणा से लोग इनको अपनाकर आगे बढ़ाने और बेहतर करने में जुटे है. ताकि सामाजिक आर्थिक समरसता बनी रहे और लोगों की भावनाओं, धार्मिक परंपराओं और मान्यताओं के अनुरूप लोग अपना दायित्व निभा सके.**

वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव अपनी कार्यशैली को लेकर भले ही चर्चा में बने रहते हो.




लेकिन आम आदमी की मदद और उनकी धार्मिक मान्यताओं को पूरा करने भी बहुत आगे है. उनकी सामूहिक विवाह कन्यादान योजना वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुकी है और निरंतरता बनी है. इसके बाद सबसे भावनात्मक और हिदू धर्म के महत्वपूर्ण अनुष्ठान से जुड़ी अस्थि विसर्जन यानी देवलोकगमन के बाद मृत आत्मा की मुक्ति या मोक्ष हेतु पुण्य नदियो में मृतक के अस्थियों का विसर्जन कराने का कार्य श्री भार्गव ने शुरू किया. वरिष्ठ विधायक श्री भार्गव बताते है कि हमारी हिन्दू संस्कृति मेंअस्थि एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जिसमें दाह संस्कार के बाद बची हुई अस्थियों और राख को नर्मदा, गंगा, यमुना, गोदावरी जैसी पवित्र नदियों में प्रवाहित किया जाता है, जिससे मृत आत्मा को शांति मिले और मोक्ष की ओर अग्रसर हो सके.

> यह प्रथा मृत्यु और पुनर्जन्म के हिंदू चक्र में आत्मा को मुक्त करने और पितृलोक की ओर गमन के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है. पूर्व मंत्री श्री भार्गव ने बताया कि अंचल में सर्वाधिक लोग मां नर्मदा नदी में अस्थि विसर्जन करते है. शुरू में क्षेत्र के लोग जो आर्थिक रूप से कमजोर थे वे अस्थि विसर्जन के लिए मदद मांगते थे, उनको आने जाने का किराया आदि देते थे. इसी दौरान विचार आया कि कोई ऐसी मजबूत व्यवस्था बनाई जाए ताकि गरीब कमजोर तबका अपनी धार्मिक मान्यताओं को पूरा कर सके. तब एक वाहन उपलब्ध कराने की सोची और एक वाहन तैयार कराया और नर्मदा नदी में बरमान घाट पर अस्थि विसर्जन कराने की शुरुआत की गई, यह मोक्ष वाहिनी सेवा का भरपूर उपयोग लोग कर रहे है. नि:शुल्क सेवा से पिछले पंद्रह सत्रह सालों में 8 हजार लोगों के अस्थि विसर्जन हो चुके है. श्री भार्गव बताते है कि अस्थि विसर्जन के लिए बरमान जाने पर लोगों रुकने, नाव पंडित और नाई आदि की जरूरत भी पड़ती है, इस बात की भी चिंता होने लगी. दस साल पहले एक धर्मशाला भी बरमान में नर्मदा किनारे बनावाई ताकि लोग रुक ठहर सके. 22 जुलाई 2013 में पंचायत मंत्री के रूप में इस धर्मशाला का भूमिपूजन हुआ था. अब यह सर्वसुविधायुक्त धर्मशाला बनी है. लोगों को ठहरने की व्यवस्था से वे आराम से पूजा पाठ आदि करते है. गढ़ाकोटा-रहली क्षेत्र जो भी लोग अस्थि विसर्जन के लिए मोक्ष वाहिनी सेवा से जाते है.

## इनामी आरोपी पकड़े

**शाहगढ़.** पुलिस ने अपहरण एवं दुष्कर्म प्रकरण के फरार 4 ईनामी आरोपी गिरफ्तार किए हैं. फरियादिया द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि अज्ञात आरोपी उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है. उक्त रिपोर्ट पर थाना में विवेचना के दौरान अपहृता को दस्तयाब किया गया एवं न्यायालय में दर्ज कथनों के आधार पर आरोपियों रामेश्वर गौड़ पिता निर्भय गौड़ निवासी शाहगढ़, अनेश गौड़ पिता मूरत गौड़ निवासी गढ़ाकोटा, अर्जुन गौड़ पिता गद्दो गौड़ निवासी गढ़ाकोटा, राम गौड़ पिता राजेश गौड़ निवासी गढ़ाकोटा के विरुद्ध 8 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था.